>

Title: Drought situation in Bundelkhand region in Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके संज्ञान में एक महत्वपूर्ण विषय लाना चाहता हूं। वैसे बुन्देलखंड चार साल से सूखे की स्थिति को झेल रहा है। वहां जिन किसानों ने फसल बो दी थी, वह भी नष्ट हो रही है। अभी सर्वे के दौरान बुन्देलखंड से लगी यमुना पट्टी जिस में इटावा, औरैय्या, कानपुर देहात, फतहपुर, इलाहाबाद के किनारे के जो क्षेत्र लगे हैं, उनकी भी स्थिति बुन्देलखंड जैसी पाई गई। निश्चित ही हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि यमुना पट्टी के किनारे के क्षेत्र का मुआयना करने के लिए यहां से एक टीम भेजी जाए और उसका सर्वे कराया जाए क्योंकि वहां के किसान भी दयनीय स्थिति में हैं, उनकी फसलें नष्ट हो रही हैं। उनका सर्वे करवा कर उन्हें स्पेशल सहायता दी जाए, बुन्देलखंड के साथ भी न्याय किया जाए और उसे भी स्पेशल पैकेज दिया जाए जिससे वहां के किसानों को राहत प्राप्त हो सके तथा वे किसी तरह अपनी जीविका चला सकें।